# बुंदेलखण्ड का पहला सोलर पावर प्लांट बिलहरा में स्थापित

## विधायक व अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**सागर ( निप्र )।** बिलहरा में बुंदेलखण्ड का पहला सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। जिसका निरीक्षण सुरखी विधायक पारूल साहू व अधिकारियों ने किया। विधायकजी ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि पूरे बुंदेलखण्ड मे यह पहला पावर सोलर सिस्टम लगा है। जिससे बाहर मोटर चलेंगे। और ग्राम बिलहरा मे खासकर जब मे चुनाव के दौरान आई थी तो सबसे ज्यादा परेशानी पानी की समस्या थी। और तभी मैने संकल्प किया था कि ग्रामिणो को जल्द से जल्द इस समस्या से छुटकारा दिलाऊँगी। और सोलर पावर से पानी की समस्या दूर होती है। तो इससे बड़ी बात कोई और नही। क्योंकि अधिकांश पंचायतो मे यह समस्या ज्यादा आती है। कि बिल नही भरे या मोटर जल गई तो पानी सप्लाई बंद हो गई है। तो इस समस्या का हल हमने यही निकाला कि यदि सोलर पावर प्लांट से यह समस्या दूर होती है तो इससे ज्यादा खुशी की बात हो ही नही सकती। क्योंकि सोलर पावर से बिजली की भी बचत होती है। और समाधान भी है। और मै बहुत खुश हूँ कि बुंदेलखण्ड का पहला सोलर पावर प्लांट सुरखी विधानसभा की बिलहरा पंचायत मे लगा। और भी ऐसी अनेको योजनायें है जिनको हम ग्रामीण इलाको में चालू करवायेगे। और सबसे बड़ा प्रोजेक्ट सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जालंधर मे एक आदर्श पंचायत उसके लिए किया है। और लगभग 5 से 6 करोड़ रूपये एक ही पंचायत मे राशी आयेगी। जिससे उस पंचायत का पूरा विकाश होगा। पी.एच.ई. विभाग के ई. साहब श्री प्रधान ने सोलर पावर सिस्टम के बारे मे बताते हुए कहा कि प्रोजेक्ट मै रखरखाव व बिजली की बचत है। ऐसी सोलर पंम्प वाली आठ योजनायें चालू होनी है। शुरूआत बिलहरा से ही हुई है। यह सिस्टम 7.5 भ्चृ की मोटर को चला सकता है। इसमे 70मी. हेड डिलेवर कर सकते है। बरसात मे जितनी धूप मिलेगी उतना काम करेगा। इसके साथ इसमे बिजली कनेक्शन भी है। जो यह सिस्टम बिजली से भी चलेगा। ई.साहब के अलावा इंजीनियर मेघराज सहित अन्य अधिकारी व नीरज केशरवानी एवं भाजपा के अनेक कार्यकर्ता 7मौजूद थे।

## विधायक के कार्यो की प्रशंसा चारो तरफ

सुरखी विधायक श्रीमति पारूल साहू केशरी ने 15 दिन मे नल-जल योजना चालू करने का जो ग्रामीणो को आश्वाशन दिया था। वह लगभग पूर्ण हो गया है। सूत्रों के अनुसार 1 जून को उद्घाटन होगा। 1 जून से अब प्रतिदिन नलो मे पानी आयेगा। जिस उम्मीद व विश्वास के साथ विधानसभा चुनाव मे जनता ने आर्शीवाद दिया था। उस विश्वास पर विधायक जी खरी उतरी दिख रही है।